Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **नागौर में कार्यालय तहसीलदार, परबतसर का सूचना सहायक 8 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *30 अगस्त, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सीकर द्वारा आज परबतसर, नागौर में कार्यवाही करते हुये देवेन्द्र सिंह सूचना सहायक, कार्यालय तहसीलदार, परबतसर जिला नागौर को परिवादी से 8 **हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके द्वारा क्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री करने की एवज में देवेन्द्र सिंह सूचना सहायक, कार्यालय तहसीलदार, परबतसर जिला नागौर द्वारा **8 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. विष्णुकान्त** के सुपरवीजन में एसीबी सीकर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री जाकिर अख्तर** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चन्द** एवं उनकी टीम द्वारा परबतसर, नागौर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए देवेन्द्र सिंह सूचना सहायक, कार्यालय तहसीलदार, परबतसर जिला नागौर को परिवादी से **8 हजार रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।